स्मार्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम से जगमगाएंगे शहर

लखनऊ। प्रदेश के विभिन्न शहरों में 300 हेरिटेज मास्ट एवं 1500 स्मार्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही सरकारी कार्यालयों को दो मेगावाट एवं चार मेगावाट के ऑन ग्रिड हाइब्रिड सोलर रूफटॉप पावर प्लांट से जोड़ा जाएगा।

उप्र. नवीन एवं नवीकरणीय अभिकरण (यूपीनेडा) ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। यूपीनेडा ने इसके लिए एजेंसी तय करने की कवायद शुरू कर दी है। एजेंसी पांच साल तक सोलर लाइटों का रखरखाव भी करेगी। हेरिटेज मास्ट लाइटिंग पर 7.92 करोड़ और स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम के लिए 39.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सरकारी दफ्तरों की उर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए दो मेगावाट के ऑन ग्रिड हाइब्रिड सोलर रूफटॉप पर 35.57 करोड़ एवं चार मेगावाट के ऑन ग्रिड हाइब्रिड सोलर रूफटॉप पावर प्लांट पर 68.74 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ब्यूरो